हे मात मेरी अब दे दो दर्शन

हे मात मेरी... अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
इस जग ने मुझसे नज़रे है फेरी,
अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
हे मात मेरी... अब दे दो दर्शन करना ना देरी॥

अब तो तुम्ही हो मेरा सहारा,
डूब रहा हूँ दे दो किनारा,
मैया मेरा हाथ पकड़ लो,
बेटा हूँ मैं भी तो तुम्हारा,
विनती है माँ तुमसे ये मेरी,
अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
हे मात मेरी... अब दे दो दर्शन करना ना देरी.........

झूठी दुनिया है मोह माया,
बेटा तुम्हरी शरण में आया,
मुझको भी माँ पार लगाओ
रोके रुके ना अश्रु धारा,
दूर करो दिन राते अँधेरी,
अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
हे मात मेरी... अब दे दो दर्शन करना ना देरी.........

माँ तुमको ही सोंपा जीवन,
चरणों तुम्हारे सब कुछ अर्पण,
तुम हो सहारा तुम हो किनारा,
लीला तुम्हारी अपरम्पारा,
तुम ही माँ जीवन दुनिया हो मेरी,
अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
हे मात मेरी... अब दे दो दर्शन करना ना देरी.........

जिसने जो माँगा वो मिला है,
मैया बेटे से क्या गिला है,
मैं तो बेटा हूँ माँ तुम्हारा,
दुनिया से मिला कैसा सिला है,
मुझको ही सारी विपदा है घेरी,
अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
हे मात मेरी... अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
इस जग ने मुझसे नज़रे है फेरी,
अब दे दो दर्शन करना ना देरी,
हे मात मेरी... अब दे दो दर्शन करना ना देरी.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24384/title/hey-maat-meri-ab-de-do-darshan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |